(ख) गढ़वाल जिला ग्रौद्योगिक दृष्टि से एक पिछड़ा जिला है ग्रौर वहां के उद्यमी जिनमें भोटिया कबीले के व्यक्ति भी शामिल हैं रियायती वित्त, ब्याज राज सहायता, मुफ्त परामर्शदायी सेवायें, किराया खरीद आधार पर मशीनों की पूर्ति आदि जैसे अनेक प्रोत्साहन ग्रौर रियायतें पाने के पात्र हैं। ये प्रोत्साहन जिला उद्योग केन्द्र गढ़वाल से प्राप्त किए जा सकते हैं।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

हिन्दी शिक्षण योजना के अन्तर्गत कर्मचारियों को हिन्दी के प्रयोग के लिए प्रशिक्षण

2687. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सरकारी कार्य में हिन्दी के प्रयोग के लिये अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने हेतु एक हिन्दी शिक्षण योजना चलाई हुई है ;

(ख) यदि हां, तो "क", "ख" ग्रौर "ग" क्षेत्रों में ऐसे प्रशिक्षण केन्द्रों की संख्या कितनी हैं ;

(ग) इस योजना पर पिछले तीन वर्षों के दौरान खर्च की गई धनराशि का वर्षवार ब्यौरा क्या हैं ;

(घ) इस योजना में काम करने वाले अधिकारियों, अन्य कर्मचारियों, अनुदेशकों आदि की पृथक-पृथक संख्या कितनी है ; ग्रौर

(ङ) इस योजना का पिछले तीन वर्षों का वर्षवार बजट कितना है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निहार रंजन लास्कर) : (क) जी हां।

(ख) हिन्दी शिक्षण योजना के अन्तर्गत "क", "ख" तथा "ग" क्षेत्रों में काम कर रहे पूर्णकालिक तथा अंशकालिक केन्द्रों की संख्या निम्न प्रकार है :—

क्षेत्र	पूर्णकालिक केन्द्र	अंशकालिक केन्द्र	योग :
क	24	27	51
ख	11	12	23
ग	37	36	73

(ग) पिछले तीन वर्षों में इस योजना पर खर्च की गई राशि निम्न प्रकार है :—

1979–80 रुपए 62,33,000
1980–81 रुपए 65,36,000
1981–82 रुपए 74,60,000

(घ) इस योजना के अन्तर्गत 57 राजपत्रित अधिकारी के पद, 245 हिन्दी प्राध्यापकों के पद तथा 202 अन्य अराजपत्रित पद सृजित किए गए हैं।

(ङ) इस योजना के लिए पिछले तीन वर्षों में किया गया बजट प्रावधान निम्न प्रकार हैं :—

1979–80 रुपए 63,23,000
1980–81 रुपए 68,40,000
1981–82 रुपए 74,84,000